M 7404

Reg. No. : ................................

Name : ....................................

# III Semester B.A./B.Sc. Degree (CCSS – Reg./Supple./Imp.) Examination, November 2014
# COMMON COURSE IN HINDI
## 3A09 HIN : Translation and Communication Skills in Hindi

Time : 3 Hours Max. Weightage : 25

**निर्देश : निम्नलिखित छः प्रश्नों में किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 1 for each bunch**

1. हिन्दी में लिखिए :
   क) $8^1/_2$
   ख) Treatment
   ग) Registration
   घ) Local Guardian.

2. शुद्ध कीजिए :
   क) मैं ने घर जाना है ।
   ख) राजू से नहीं पढ़ता ।
   ग) कौन पत्र लिखा है ।
   घ) हम आपके घर कल आएगा ।

3. सही मिलन कीजिए :

| | |
|---|---|
| क) अंग अंग मुस्काना | निराश होना |
| ख) उँगली पर नचाना | बहुत प्रसन्न होना |
| ग) कमर टूट जाना | संकट में पड़ना |
| घ) जान के लाले पड़ना | वश में रखना |

P.T.O.

4. प्रस्तुत कहावतों का अर्थ कोष्ठकों से चुनकर लिखिए :

क) ऊँची दुकान फीका पकवान

(मूर्ख, दिखावटी काम होना, परिणाम अच्छा, बहुत जल्दी करना)

ख) मान न मान मैं तेरा मेहमान

(उधार सौदा देना ठीक नहीं, दूर की चीज़ अच्छी लगना, ज़बरदस्ती गले पड़ना, पूरी संगति से बुराई होना)

ग) जैसी करनी वैसी भरनी

(कहना कुछ और करना कुछ, बहुत गरीब, कर्मानुसार फल मिलता है, अधूरा शान)

घ) कोयले की दलाली में मुँह काला

(बिल्कुल निरक्षर भट्टाचार्य, बुरी संगति में बुराई ही मिलती है, पापी स्वयं डरता है, पैसे से सब काम हो जाते हैं ।)

5. निम्नलिखित अवतरणों में यथास्थान ' ने, को, से, का, के, की, में, पर भरिए ।

राजीव-पुस्तकालयाध्यक्ष से कहा, अब बताइए अर्थशास्त्र से जुड़ी किताबें किस तरफ है ? यहाँ तो ढेर सारी किताबें रैकों ________ सजाकर रखी गयी है । मेरे मनपसंद ________ किताब आसानी ________ कैसे मैं चुन सकूँगा ।

6. खाली जगह भरिए । :

क) बिल्ली ________ चूहे को काटा

ख) कल यहाँ ________ आया ?

ग) तुम कहाँ जाते ________

घ) उस ________ यह काम किया नहीं जाता । **(5×1=5)**

**निर्देश :** किन्हीं दो पत्र लिखिए । **Weightage 4 each**

7. अपने बडे भाई को एक पत्र लिखिए जिसमें अपने छात्रावास के बारे में वर्णन करे ।

8. चमचम कंपनी के प्रबन्धक को लिपिक पद के लिए आवेदन पत्र लिखिए ।

9. आपके मोहल्ले का डाकिया ठीक से डाक वितरित नहीं करता, आप इस संबंध में डाकपाल को शिकायती पत्र लिखिए । **(2×4=8)**

निर्देश : किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए **Weightage 4**

10. अभिनय के क्षेत्र में भरत पुरस्कार पाये गये सिनेमा नायक से भेंट वार्ता तैयार कीजिए ।

अथवा

11. पुस्तक की दूकान में ग्राहक एवं दूकानदार के बीच का वार्तालाप तैयार कीजिए ।

अथवा

12. संकेतों के सहारे कहानी लिखिए ।

एक किसान के पाँच बेटे ____________ आलसी पुत्र बुढ़ापे में अपने पिता को तंत्र करते ____________ पिता को सूझ सूझी ____________ मेरे पास बहुत सा धन है ____________ पुत्र सेवा में जुट गए ____________ मरने से पहले पुत्रों को अपने धन का स्थान बताया ____________ पुत्रों ने सारी ज़मीन खोद डालीं ____________ धन न मिला ____________ फसल अच्छी हुई ____________ परिश्रम का मीठा फल । **(1×4=4)**

निर्देश : हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **Weightage 4**

13. **Akbar** : Where's Birbal ? I have not seen him since this morning.

**First Lord** : We too have not seen him, Badsheh salamat. The messenger came back saying he had gone out very busy counting crows. (smiling)

**Akbar** : (Also smiling) Well, so he has taken the challenge seriously. Do none of your wish to compete for the prize ?

**Second Lord:** We are beaten, Sir, what you set was an impossible task. We tried and gave up.

अथवा

14. **Gopi** : Are you going to the Cinema ?

**Raju** : No I am going to the Library.

**Gopi** : Are you also a member of the Library ?

**Raju** : Yes, I joined the library just a month back. Why are you so surprised ?

**Gopi** : I have never expected you to join the library. **(1×4=4)**

निर्देश : किसी एक का संक्षेपण कीजिए : **Weightage 4**

15. समय वह संपत्ति है जो प्रत्येक मनुष्य को ईश्वर की ओर से मिली है । जो लोग इस धन को संचित रीति से बरतते हैं, वे शारीरिक सुख तथा आत्मिक आनंद प्राप्त करते हैं । इसी समय संपत्ति के सदुपयोग से एक जंगली मनुष्य देवता-स्वरूप बन जाता है । इसी के द्वारा मूर्ख विद्वान, निर्धन धनवान और अनुभवी बन सकता है । संतोष, हर्ष या सुख मनुष्य को प्राप्त नहीं होता, जब तक कि वह उचित तरीके से अथवा उचित रीति से समय का सदुपयोग नहीं करता है । समय निस्सन्देह एक रत्न राशि है जो कोई उसे अपरिमित और अगणित रूप से अन्धाधुन्ध व्यय करता है वह दिन-दिन अकिंचन, रिक्त हस्त और दरिद्र होता है । वह आजीवन खिन्न और समय को कोसता रहता है । सच तो यह है कि समय नष्ट करना एक प्रकार की आत्महत्या है । जो मनुष्य समय का जितना अपव्यय करता है वह उतना ही मानव जीवन को बरबाद करता है । यदि हम समय को ही जीवन मानें तो न केवल प्रगति करेंगे बल्कि जीवन को सार्थक ढंग से जी सकेंगे ।

16. : क्या तुमने हवाई जहाज़ देखा है ?

: जी हाँ, देखा है । वह एक बड़े चील के समान होता है ।

: हवाई जहाज़ किससे बनता है ?

: वह एक विशेष प्रकार के अल्यूमिनियम और लकड़ी से बनता है । उसका इंजन पेट्रोल से चलता है ।

: उसमें यात्री कहाँ बैठते हैं ?

: हवाई जहाज़ के मध्य-भाग में बैठते हैं । वहाँ आराम से बैठने की अच्छी व्यवस्था होती है ।

: हवाई जहाज़ से हमें क्या लाभ है ?

: प्राचीन काल में दूर के प्रदेशों में जाने के लिए कई दिन लग जाते थे । अब घंटों में सैकड़ो मील की यात्रा कर सकते हैं ।

: इससे हम आवश्यक वस्तुएँ, डाक आदि एक स्थान से दूसरे स्थान को जल्दी भेज सकते हैं ।

: बाढ़ के कारण जब गाँव पानी से घिर जाते हैं, तब सरकार हवाई जहाज़ से भोजन पहुँचाती है । युद्ध के समय यह बड़ा उपयोगी है । सैनिक इसमें बैठकर कुछ ही समय में आवश्यक स्थानों पर पहुँच जाते हैं । इसमें बैठकर शत्रुओं को मारा जा सकता है । घायालों को युद्ध भूमि से बाहर ले जाने और सेना को भोजन आदि ज़रूरी चीज़े पहुँचाने में इससे बड़ी मदद मिलती है । **(1×4=4)**

---